तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 16 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 केंद्रीय नोडल अधिकारी पंकज ने बेमेतरा में जल संरक्षण ...



10 रायपुर दक्षिण उपचुनाव के ऐलान से पहले प्रत्याशी तय ...




## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को संस्था के द्वारा प्रतिशक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25/10/2024**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



**(1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़- अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782**

ADVT.


## खबर संक्षेप

### मां बहादुर कलारिन महाविद्यालय में चला जागरुकता अभियान



**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में साइबर प्रहरी साइबर क्राइम जागरूकता अभियान के तहत पुलिस थाना गुरूर के महिला प्रधान आरक्षक नर्मदा कोठारी, महिला आरक्षक सुमन साहू, आरक्षक कोमन साहू, आरक्षक योगेन्द्र सिन्हा ने महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में प्राचार्य डामिनी साहू, डोमेश्वर कुमार सिन्हा, प्रियंका साहू, रामस्वरूप सिन्हा, उपासना गंजीर, माधुरी सिन्हा, तेजेश्वर कुमार सिन्हा, मुरली कुमार सिन्हा, पुष्पेन्द्र कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार खोब्रागढ़े, हुमन लाल गंजीर, राकेश कुमार पारकर व स्वयं सेवक उपस्थित थे।

### युवक ने लगाई फांसी

**बालोद/सिकोसा।** जुनवानी निवासी 35 वर्षीय युवक चन्द्रकांत साहू (लल्ला) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सिकोसा के समीप ग्राम जुनवानी निवासी 35 साल युवक ने कोडेवा के तांदुला नदी के तट पर स्थित एक पेड़ पर फांसी लगा ली। वह समाज सेवी अधनु राम साहू का भतीजा था। पुलिस मार्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### किलेपार में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता आज

**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत किलेपार में ग्रामीणों द्वारा शरद पूर्णिमा के अवसर पर 16 अक्टूबर को एक दिवसीय रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में सामुहिक नृत्य में प्रथम इनाम 5001 रूपए व प्रतीक चिन्ह प्रदान किया जाएगा। इसी तरह दूसरा 3001 व प्रतीक चिन्ह, तीसरा इनाम 2001 व प्रतीक चिन्ह भेंट किया जाएगा। युगल नृत्य पुरस्कार में प्रथम इनाम 3001 व प्रतीक चिन्ह, दूसरा 2001 व प्रतीक चिन्ह, तीसरा इनाम 1001 व प्रतीक चिन्ह भेंट किया जाएगा। इसी प्रकार एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 2001 रूपए व प्रतीक चिन्ह, दूसरा 1001 व प्रतीक चिन्ह तथा तीसरा इनाम 501 व प्रतीक चिन्ह प्रदान किया जाएगा।

### रेडक्रास के आजीवन सदस्यों की बैठक 13 नवम्बर को

**बालोद।** कलेक्टर एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला बालोद के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के दिशा–निर्देशन में जिला प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा। इंडियन रेडक्रास सोसायटी के जिला सचिव ने बताया कि इस संबंध में रेडक्रास के समस्त आजीवन सदस्यों की सामान्य सभा की बैठक 13 नवम्बर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे आयोजित की गई है।

### अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** अवैध रुप से शराब बेचने वाले चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पद्मनाभपुर टीआई अंबिका प्रसाद ध्रुव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वार्ड 44 सतनामी पारा पदमनाभपुर निवासी सुनील गेंद्रे, कसारीडीह दुर्ग सुनील साहू , संगीत साहू को गिरफ्तार किया। आरोपियों से पुलिस ने 7200 रुपए का शराब जब्त किया है।

## आरोप : लोगों ने कहा- शिकायत के बाद भी नहीं हो रही जांच व कार्रवाई

# रांका सरपंच पर लाखों के भ्रष्टाचार का आरोप शिकायतकर्ताओं ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला


ग्राम पंचायत रांका की सरपंच व उनके पति पर विकास कार्यों की रकम हड़पने का आरोप लगाए जाने के बाद मामला गरमा गया है। वहीं, मामले में कार्रवाई नहीं होने के कारण लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। बता दें कि 68 लाख रुपए से अधिक की अनियमितता का आरोप सरपंच भुवनेश्वरी टंडन पर लगाया गया है, जो अब 2 करोड़ पहुंच रहा है। शिकायतकर्ता घनाराम निषाद, जितेंद्र साहू, राम प्रसाद निषाद व सिद्दीक खान ने कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरपंच ने अपने पति के निजी खाते में चार लाख रुपए की राशि डाल दी। विगत साढ़े चार वर्षों से ये सिलसिला जारी है। फर्जी वेंडरों के नाम पर राशि आहरित की जा रही है। गांव का विकास शून्य है, जब ग्रामवासी किसी काम के लिए सरपंच के पास जाते हैं तो राशि नहीं होने की बात कही जाती है। शासन से विकास के लिए आने वाली राशि का इंतजार रहता है। जैसे ही राशि पंचायत खाते में आई और अफरा-तफरी शुरू हो जाती है। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि तीन माह से जनपद सीईओ शिकायत को दबाकर बैठे हैं। सरपंच ने ऐसे लोगों को एजेंसी बनाई है, जिसका इस दुनिया में कोई अस्तित्व नहीं है। मृत व्यक्ति के नाम पर भी राशि अंतरित की गई है।

### सरपंच पति के निजी खाते में चार लाख रुपए किए ट्रांसफर

#### रिपोर्ट आने पर ही बता पाउंगा

सीईओ जनपद पंचायत बेरला जगेन्द्र साहू का कहना है कि जांच चल रही है, रिपोर्ट आने पर ही बता पाऊंगा।



#### आरोप गलत

सरपंच भुवनेश्वरी टंडन का कहना है कि राशि का आहरण नियमानुसार किया गया है। गांव वालों का आरोप गलत है।

### जांच को विफल करने का प्रयास

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विगत दिनों जब शिकायतकर्ताओं का दबाव बढ़ा तो जांच में जनपद बेरला के अधिकारी पहुंचे थे। तब कुछ प्रतिनिधि लाठी लेकर वहां आ गए और जांच को प्रभावित करने का प्रयास किया। सरपंच पति, उपसरपंच व एक पंच सहित कुछ असामाजिक तत्वों को पंचायत में बुलाकर जांच अवधि में बैठा कर रखा गया था। ऐसे में शिकायतकर्ताओं ने पंचायत के समस्त अभिलेखों सहित मुख्यालय में जांच करने की मांग रखी। इस पर एडीओ सुरेश चक्रधारी और अतिरिक्त सीईओ आलोक सतपुते ने सीईओ से सौहार्द्र पूर्ण वातावरण नहीं होने से जांच प्रभावित होने का हवाला देते हुए चर्चा कर सभी दस्तावेज आदेश जारी कर जनपद मुख्यालय बेरला बुला लिया। परन्तु 23 अगस्त से दस्तावेज पहुंचने के बाद भी जांच आगे नहीं बढ़ पा रही है। विगत वर्ष तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से रांका कठिया में भेट मुलाकात के दौरान स्थानीय युवाओं ने सरपंच की शिकायत की थी, जिसमें तथ्यों के साथ 68 लाख रुपए के गबन की शिकायत की थी। इस पर मुख्यमंत्री ऑफिस से जांच कर कार्रवाई करने कहा गया था। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि जांच का जिम्मा उन्हें सौंपा गया, जिन अधिकारियों के अधीनस्थ ये घोटाले हुए थे। इसलिए मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

### फर्जी बिल लगाने का आरोप

शिकायतकर्ताओं ने कहा है कि सरपंच ने पंच पति के खाते में डाली गई राशि का फर्जी मस्टरोल और किसी पूजा फैंसी स्टोर के नाम का बिल लगाया है। मेडिकल स्टोर का 50 हजार का बिल लगाया गया है। काम के नाम पर नाममात्र की सामग्री डाल कर चोरी होना दिखाकर काम को टाल दिया जा रहा है। जबकि उसी सामग्री की ढुलाई स्वयं सरपंच पति द्वारा की जा रही है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि सरपंच ने विगत चार पांच वर्ष में 20 पेयजल पंप की खरीदी दिखाई गई है, जो सरपंच के खेत की शोभा बढ़ा रहे हैं। गांव के पांच लोगों ने इसके लिए सूचना अधिकार के तहत जानकारी के लिए आवेदन दिया। एक माह होने बाद जानकारी दी गई, वो भी आधी अधूरी। 39 हजार की एकमुश्त राशि फोटोकॉपी वाले के नाम से पेमेंट दिखाया गया है, जबकि फोटोकॉपी मशीन की कीमत ही 10-12 हजार रुपए है। ऐसे ही एक कृषि दुकान को अलग-अलग समय में 16 लाख रुपए से अधिक का भुगतान किया गया है। स्थानीय व्यक्तियों को एजेंसी बनाकर अलग-अलग निजी खातों में लाखों रुपए डाले गए। इसी तरह बिजली सामान के एक विक्रेता के खाते में भी लाखों रुपए की राशि डाली गई है, जिनके खाते में अत्यधिक राशि डाली है, उनमें संतोष टंडन (सरपंच पति/पंच), संजू साहू, कैलाश साहू, पवन ताम्रकार, इसहाक खान, मनमोहन धृतलहरे, जितेंद्र साहू व चुनूराम के नाम शामिल हैं।

## दुर्ग परिक्षेत्र स्तरीय कबड्डी स्पर्धा में शामिल होंगी नवागढ़ कॉलेज की छात्राएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

मंगलवार को दुर्ग के शैलदेवी महाविद्यायल अंडा (दुर्ग) में आयोजित होने वाली अंतर महाविद्यालयीन कबड्डी महिला वर्ग प्रतियोगिता में शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ की छात्राएं भी शामिल होंगी।

महाविद्यालय की प्राचार्या मंगली बंजारा ने कहा कि यह इस महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है, कि छात्राएं पढ़ाई के साथ खेल में प्रतिनिधित्व कर रही हैं। महाविद्यालय के सहायक अतिथि क्रीड़ाधिकारी मणिशंकर ने बताया कि टीम में बेहतर खिलाड़ियों को भेजा गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं स्टॉफ ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं। कबड्डी टीम के सदस्यों में हेमलता साहू (कप्तान), प्रीति, रिया, संजना, अमृता, भामिनी, दुर्गा, निलकमल, गीतिका, एवं रानी सिन्हा के चयन से महाविद्यायल में हर्ष का माहौल है।

### शरद पूर्णिमा पर ग्राम बाघुल में महाआरती व गंगाआरती आज

**नवागढ़।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को ग्राम बाघुल में गंगा स्वरूपा हॉफ नदी की महाआरती का आयोजन किया गया है। यह तृतीय वर्ष है जब इस दिन जीवन दायिनी मां गंगा स्वरूपा हॉफ नदी की भव्य महाआरती का आयोजन किया जाता है, जिसमें समस्त ग्रामवासी सपरिवार शामिल होकर माँ की महाआरती करते हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंजू बघेल सभापति जिला पंचायत बेमेतरा होंगी। राजेश धर दीवान ने बताया कि सायं 4 बजे रामधुनि समिति के साथ कलश यात्रा ग्राम के बैगा बावा देव स्थान से प्रारंभ होकर ग्राम भ्रमण कर राम जानकी मंदिर तट पहुंचेगी। वहां शाम 5.30 बजे महाआरती की जाएगी। इस भव्य महाआरती के लिए पूरे गांव में बहुत ज्यादा उत्साह और उमंग है। ग्रामवासी अपने सगे संबंधी एवं परिचितों को इस महाआरती में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

# आधी रात चोरों का धावा, नकदी व गहने सहित 4 लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

- थानखम्हरिया थाना क्षेत्र के ग्राम कुरदा में सोमवार हुई घटना

थाना क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम कुरदा में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने एक मकान से गहने व नकद राशि की चोरी कर ली। पीड़ित पक्ष द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के बाद पुलिस अब चोर की तलाश में जुट गयी है। डॉग स्क्वैड का भी सहारा लिया गया है। इसके साथ ही समीप के सीसीटीवी कैमरा के फूटेज भी खंगाले जा रहे हैं। चोरों ने आलमारी व पेटी में रखे सोने की मंगलसूत्र, चांदी का करधन, लच्छा, पायल सहित लगभग दो किलो के जेवर के साथ ही 80 हजार रूपए नकद सहित कुल 4 लाख रूपए की चोरी कर ली। पुलिस चोरों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। गौरतलब है कि थान ▶▶| शेष पेज 11 पर



### नशाखोरी बढ़ने के साथ अपराध में आई बढोतरी

बता दें कि नगर सहित ग्रामीण अंचलों में जब से नशाखोरी बढ़ी है, तब से चोरी, चाकूबाजी व मारपीट की घटनाओं में काफी इजाफा हुआ है। जगह-जगह बिक रही शराब व गांजे के कारण युवा वर्ग काफी नशे की गिरफ्त में आ गया है। वहीं महंगे मोबाईल व मोटरसाइकिल के शौक की पूर्ति करने के लिए भी कई युवा अपराध की ओर कदम बढाते दिख रहे हैं।

**राज्योत्सव पर 1 से 6 नवंबर तक शासकीय भवनों में की जाएगी रोशनी**

# राज्य स्थापना दिवस पर कार्यक्रम 5 नवंबर को, स्थानीय कलाकार व बच्चे देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिला मुख्यालय स्थित बेसिक मैदान में होगा कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में 5 नवंबर को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों की विभागीय प्रदर्शनी में उपलब्धियों, महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में राज्योत्सव को लेकर सभी तैयारियाँ गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिये। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समिति भी गठित कर दी गयी है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल होंगे। वहीं, एडीएम ▶▶| शेष पेज 11 पर



### जाति प्रमाण पत्र व आयुष्मान कार्ड के संबंध में ली जानकारी

बैठक के दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र और आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें। बैठक में सीईओ ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल अपर कलेक्टर डॉ अनिल बाजपेयी,एडीएम प्रकाश भारद्वाज सहित ज़िला अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने की धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा ज़िले के धान ख़रीदी केंद्रों में भी अगले माह से ख़रीफ़ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गयी। उन्होंने शत प्रतिशत किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने का किसानों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। समय रहते सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली जाये। उन्होंने चावल जमा किए जाने के संबंध में भी जानकारी ली।

## धरना स्थल पर संगीतमय राम भजन कीर्तन कर जता रहे विरोध

# श्री राम मंदिर की भूमि की खरीदी-बिक्री के विरोध में प्रदर्शन, समर्थन में उतरे साधु-संत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

श्री राम मंदिर की मजगांव स्थित जमीन की रजिस्ट्री शून्य करने एवं क्रेता विक्रेता साथ ही नायाब तहसीलदार पर कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जिला मुख्यालय स्थित राम मंदिर प्रांगण में दूसरे दिन भी जारी रहा।

कांग्रेस के कार्यकर्ता इस दौरान रामधुनि का भजन कीर्तन करते हुए भाजपा नेताओं के लिए सद्बुद्धि की कामना करते रहे। इसके अलावा कांग्रेस नेता मंच के माध्यम से अब तक राम मंदिर जमीन खरीदी बिक्री मामले में प्रशासन द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने पर अपना आक्रोश जताया। बाहर से आए हुए साधु संत भी इस आंदोलन का समर्थन करते हुए धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। गौरतलब हो कि ग्राम मजगांव स्थित राम मूर्ति मंदिर की लगभग साढ़े चार एकड़ जमीन खरीदी बिक्री मिलीभगत कर भाजपा नेता ने कथित रूप से अपनी पत्नी के नाम करा कर अन्य भाजपा नेता को बिक्री किए जाने का खुलासा होने के बाद जिले में बवाल मच गया। मामला उजगार होते ही प्रशासन ने दो पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। लेकिन, इस मामले में जिम्मेदार व्यक्तियों पर भी जहां कारवाई की मांग की जा रही है, वहीं कांग्रेस ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। दूसरे दिन धरना प्रदर्शन में नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लुकेश वर्मा ,जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जोगेंद्र छाबड़ा, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री ललित विश्वकर्मा, शहर महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रीता पांडे ,पार्षद रश्मि फणेन्द्र मिश्रा ,जया साहू , रानी डेनिम सेन, राजू साहू , मनोज शर्मा, धनंजय साहू ,खेलन साहू ,देवेंद्र साहू, राजू रजक, ओमप्रकाश यादव ,ऋषि वर्मा ,बहल वर्मा बैजी, महेंद्र साहू, भुवन साहू , राम प्रसाद निर्मलकर ,रामाधार साहू, बलवंत साहू ,सीताराम यादव सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### ग्राम टिकरी में दशहरा उत्सव आज

**अर्जुंदा।** ग्राम टिकरी में दशहरा उत्सव का आयोजन 16 अक्टूबर को रखा गया है। इसमें क्षेत्र के आसपास के गांव के सैकड़ों लोग पर्व मनाने टिकरी पहुंचेंगे। भीषम शर्मा ने बताया कि टिकरी पंचायत भवन के पास मैदान में राम–रावण युद्ध और रावण वध नाटक का मंचन किया जाएगा। उसके बाद 25 फीट ऊंचे रावण के पुतले को जलाया जाएगा। रावण दहन के बाद शानदार आतिशबाजी की जाएगी। इस अवसर पर दशहरा उत्सव समिति द्वारा रात में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### उप मुख्यमंत्री साव ने किया आवेदनों और समस्याओं का तत्काल निराकरण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहायता केंद्र में समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के क्रम में सोमवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने उपस्थित रहकर 100 से ज्यादा आए आवेदनों का त्वरित निराकरण किया। इस दौरान सहायता केन्द्र में सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, आवास आदि से संबंधित एवं विकास कार्यों के आवेदन प्राप्त हुए। श्री साव ने इनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करके तत्काल किया और अन्य विभागों के आवेदनों के यथाशीघ्र निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। सहायता केंद्र में भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा, रूपनारायण सिन्हा, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू और आरटीआई प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विजय शंकर मिश्रा, भाजपा सहमीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल आईटी सेल संयोजक सुनील पिल्लई उपस्थित रहे।

### महिलाओं का भी राजधानी रायपुर में पथ संचलन



**रायपुर।** विजयादशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पुरुष के पथ संचलन के बाद दूसरे दिन महिलाओं का भी राजधानी रायपुर में पथ संचलन किया गया। राष्ट्र सेविका समिति विश्व का सबसे बड़ा महिला संघटन है। राष्ट्रहित राष्ट्रकार्य में यह संगठन गत 88 वर्षों से कार्यरत है। समिति के द्वारा अनुशासन, देशभक्ती, सेवा भाव से संपूर्ण भारत में 1000 से अधिक सेवा कार्य चलते हैं। यह संगठन 1936 में विजयादशमी को लक्ष्मीबाई केलकर के द्वारा स्थापित किया गया था। उसी के उपलक्ष्य में विजया दशमी के सुअवसर पर सुसंगठित शक्ति के दर्शन के लिए हर वर्ष राष्ट्र सेविका समिति द्वारा पथसंचलन आयोजित किया जाता है। इस वर्ष का पथ संचलन अवन्ति विहार के विद्या निकेतन विद्यालय से आरंभ हुआ। इस संचलन में 225 महिलाओं ने हिस्सा लिया।

### विश्वकर्मा को दिया गया कैबिनेट मंत्री का दर्जा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष पूर्व आईएएस आरएस विश्वकर्मा को राज्य शासन ने कैबिनेट मंत्री दर्जा दिया है। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन ने कैबिनेट मंत्री का दर्जा केवल शिष्टाचार के लिए प्रदान किया है। उन्हें नियमानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व संबंधित प्रशासकीय विभाग यानि छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का होगा। उल्लेखनीय है कि राज्य में नगरीय निकायओं और पंचायती राज संस्थाओं में चुनाव में ओबीसी के लिए आरक्षण की अनुशंसा करने इस आयोग का गठन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर किया गया है।

### ब्राह्मण समाज से बनाएं प्रत्याशी, भाजपा-कांग्रेस से रखेंगे मांग

**रायपुर।** ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल द्वारा 15 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव को ज्ञापन सौंपकर आगामी होने वाले दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में ब्राह्मण समाज से प्रत्याशी दिए जाने का पुरजोर मांग की जाएगी। इसके बाद रावणभाठा से कारों के काफिले के साथ शंकर नगर स्थित राजीव भवन पहुंचकर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिलकर इस संबंध में ज्ञापन सौंपा जाएगा। ब्राह्मण समाज के अरुण शुक्ला, नरेंद्र तिवारी, अविनाश शुक्ला, नटराज शर्मा, राजेंद्र दुबे एवं चंद्रप्रकाश ब्यास, सुरेश शुक्ल का कहना है कि रायपुर दक्षिण विधानसभा में ब्राह्मण समाजजन बड़ी संख्या में निवास करते हैं। सही मायने में इस विधानसभा में ब्राह्मण समाज सबसे बड़े मतदाता के रूप में है, जिनका अन्य सभी समाज के साथ बराबर का समन्वय वर्षों से बना हुआ है।

# रायपुर दक्षिण उपचुनाव के ऐलान से पहले प्रत्याशी तय करने भाजपा की तैयारी

## अचानक कोर ग्रुप की बैठक में दावेदारों के नामों पर मंथन, दिल्ली भेजा जाएगा पैनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण के उपचुनाव के लिए ऐलान होने से पहले ही भाजपा की प्रत्याशी की घोषणा करने की तैयारी है। रविवार को अचानक दिल्ली से नामों का पैनल भेजने के निर्देश आने के बाद आनन-फानन में प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक बुलाकर दावेदारों के नामों पर चर्चा की गई। आधा दर्जन से ज्यादा नामों पर चर्चा के बाद नामों का पैनल भेजने की तैयारी है। इसी के साथ चुनाव की घोषणा से पहले क्या तैयारी करनी है, इसको लेकर भी रणनीति बनाई गई।

भाजपा के जानकारों का कहना है कि दिल्ली में जल्द ही केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज-कल में होने वाली है। ऐसे में दिल्ली से फोन आया कि रायपुर दक्षिण के लिए जो भी दावेदार हैं, उनके नामों पर चर्चा करके पैनल भेजा जाए। ऐसे में अचानक भाजपा कोर ग्रुप की बैठक बुलाई गई। प्रदेशाध्यक्ष किरण देव बस्तर में होने के कारण बैठक में शामिल भी नहीं हो सके।

जो भी सदस्य रायपुर में थे, उनको फोन करके तत्काल में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर बुलाया गया। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी, सरोज पांडेय, पूर्व अध्यक्ष और विधायक विक्रम उसेंडी, धरमलाल कौशिक, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री संजय श्रीवास्तव और रामू रोहरा बैठक में शामिल हुए।



### दावेदारों के नामों पर मंथन

भाजपा में आधा दर्जन से ज्यादा दावेदार हैं। इनमें रायपुर के पूर्व सांसद सुनील सोनी का भी नाम है। इसी के साथ नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता, नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, पार्षद मृत्युंजय दुबे और आरएसएस के विभाग प्रचारक रहे स्वर्गीय जगदीश जैन के पुत्र एवं वर्तमान में भाजपा के प्रदेश प्रशिक्षण सह प्रभारी अवधेश जैन भी शामिल हैं। इनके नामों पर चर्चा करते तय किया गया कि नामों का पैनल बनाकर दिल्ली भेजना है। भाजपा का राष्ट्रीय संगठन जिन भी राज्यों में उपचुनाव होने हैं, वहां पर चुनाव के ऐलान से पहले प्रत्याशी उसी तरह से तय करने की तैयारी में है, जिस तरह से विधानसभा चुनाव में चुनाव की घोषणा से पहले प्रत्याशी तय किए गए थे।

## मंत्रालय में सुबह 11 बजे शुरू होगी बैठक

# कैबिनेट की बैठक आज लिए जाएंगे कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 16 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में होगी। कैबिनेट की बैठक में धान खरीदी के लिए बनी उपसमिति की रिपोर्ट पेश की जाएगी। वहीं निकाय चुनावों के लिए बनी समिति की रिपोर्ट पर भी चर्चा करने के बाद निर्णय लिए जाने की संभावना है। वही विभागों द्वारा पेश किए गए अन्य प्रस्तावों पर चर्चा के बाद निर्णय लिए जाएंगे।

बुधवार को सुबह 11 बजे मंत्रालय में होने वाली कैबिनेट में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में इस साल होने वाली धान खरीदी की तारीखों पर निर्णय लिया जाएगा। धान खरीदी को लेकर मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक 30 सितंबर को हुई थी। समिति की बैठक चर्चा की गई कि दीपावली का पर्व इस साल 31 अक्टूबर को है। राज्य के किसान पर्व को लेकर तैयारी में व्यस्त रहेंगे। उसके बाद छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस का कार्यक्रम होना है। ऐसे में धान खरीदी को लेकर प्रशासनिक इंतजाम पर असर पड़ सकता है। इसे देखते हुए इस बार धान की खरीदी को 15 नवंबर से कराए जाने पर चर्चा की गई है। अब कैबिनेट उप समिति के सुझाव के आधार पर खरीदी की की तारीख तय होगी। पिछले साल 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। वहीं इस साल 160 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का फैसला उपसमिति ने किया गया है, इस पर भी मुहर लगेगी। वहीं राज्य स्थापना दिवस, दीपावली पर्व के चलते 1 नवंबर के बजाय 4 नवंबर से समारोह का आयोजन किए जाने पर मुहर लगेगी। राज्योत्सव के दौरान होने वाले अलंकरण समारोह और अन्य मामलों पर चर्चा के बाद निर्णय लिए जाएंगे।

### निकाय और पंचायत चुनाव का भी प्रस्ताव

राज्य सरकार ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराए जाने की संभावना का अध्ययन करने के लिए आईएएस ऋचा शर्मा की अध्यक्षता में कमेटी बनाई थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। कैबिनेट की बैठक में इसका प्रस्ताव रखा जा सकता है। बताया जाता है कि कमेटी ने दोनों चुनाव एक साथ कराए जाने की अनुशांसा की है। अब कैबिनेट समिति की अनुसंशा के आधार पर इस संबंध में निर्णय लेगी।

# बैज बोले- सूरजपुर की घटना बर्दाश्त के बाहर, सरकार लाचार

## सूरजपुर की घटना सरकार की लापरवाही का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर






प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सूरजपुर की घटना भाजपा सरकार की लापरवाही का परिणाम है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में कानून व्यवस्था है ही नहीं, इसीलिये अपराधिक घटनायें बढ़ गयी हैं। सरकार अपराधियो पर लगाम कसने के बजाये उनकी संरक्षक बन गयी है।

उन्होंने भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए कहा, प्रदेश की क़ानून व्यवस्था दिनोदिन और बिगड़ते जा रही है और सरकार मूकबधिर बनकर बैठी हुई है। अब तो हत्या अपराध की घटनाएं बर्दास्त के बाहर हो गयी हैं। सरकार निकम्मी और लाचार बन गयी है। राज्य में जनता इतनी मजबूर हो गई कि अपराधियों का हिसाब खुद करने पर आमादा है। लोहारीडीह और अंबिकापुर में यही हुआ। राज्य में अपराधी इतने ज्यादा बेलगाम हो चुके हैं कि उनसे अब पुलिस वाले भी सुरक्षित नहीं। सूरजपुर आज का जीता-जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा, पुलिस अपराध तो रोक नहीं पा रही, उलटे निर्दोष लोगों को प्रताड़ति कर रही है। अर्जुन्दा में एक निर्दोष युवक की इतनी पिटाई की गयी कि उसकी हालत देख कर उसके पिता की मृत्यु हो गयी। कवर्धा के लोहारीडीह में पुलिस की लापरवाही से तीन लोगों की मौत हो गयी। उन्होंने कहा, सत्ता में बैठे लोग अपराधियों को संरक्षण देते हैं, इसलिये अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

### ये क्या हो रहा है हमारे छत्तीसगढ़ में : बघेल

सूरजपुर घटना पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, जनता के मन में कानून व्यवस्था और सरकार से पूरी तरह विश्वास इस कदर उठ चुका है कि जनता अब स्वयं न्याय करने निकल पड़ी है। उन्होंने ट्विट कर कहा, लगने लगा है कि शांति का टापू कहे जाने वाले हमारे प्रदेश से कानून नाम की चीज समाप्त हो चुकी है। सूरजपुर में प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की हत्या कर दी गई। उसी हत्यारे ने इस घटना से पहले एक आरक्षक पर गर्म तेल उड़ेला था। जनता के मन में कानून व्यवस्था और सरकार से पूरी तरह विश्वास इस कदर उठ चुका है कि जनता अब स्वयं न्याय करने निकल पड़ी है। घरों में आगजनी की घटनाएं सुनकर व्यथित हूं। कवर्धा के लोहारीडीह में भी यही हुआ था, इससे पहले लोगों ने कलेक्टोरेट में आग लगा दी थी। मैं सभी से शांति की अपील करता हूं और विनम्र प्रार्थना करना चाहता हूं कि वे क़ानून व्यवस्था अपने हाथों में न लें। शासन प्रशासन से स्थिति नियंत्रित करने की अपेक्षा है।

# मुख्यमंत्री साय की पहल, केंद्र ने आठ सड़कों के लिए मंजूर किए 892 करोड़

## 6 जिलों में 324 किमी सड़क का होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का आदेश

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में आठ सड़क खंडों के विकास के लिए 892 करोड़ 36 लाख रुपए मंजूर किए हैं। इस राशि से राज्य के छह जिलों में करीब 324 किलोमीटर सड़कों के विकास और उन्नयन के कार्य किए जाएंगे। खास बात ये है कि भारत सरकार ने सोमवार को राशि स्वीकृति का आदेश राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग के सचिव को भेजा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य में सड़कों के विकास के लिए इतनी बड़ी राशि देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद दिया है।

### इन 8 जिलों में बनेंगी सड़कें

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सीआरआईएफ से मंजूर की गई इस राशि के लिए भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य में सड़कों के निर्माण में केंद्र सरकार का लगातार सहयोग मिल रहा है। इस राशि से बेमेतरा, मुंगेली, राजनांदगांव, जशपुर, बिलासपुर और खैरागढ़ जिले में आठ सड़क खंडों का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और उन्नयन होगा। भारत सरकार द्वारा मंजूर की गई 892 करोड़ 36 लाख रुपए की राशि से बेमेतरा और मुंगेली जिले में नांदघाट-मुंगेली सड़क खंड में 39 किलोमीटर लंबाई और बेमेतरा-नवागढ़-मुंगेली सड़क खंड में 43 किलोमीटर लंबाई का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाएगा। राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव-चौकी-मोहला मानपुर सड़क खंड में 96.2 किलोमीटर, जशपुर जिले के बागबहार-कोतबा सड़क खंड में 13.5 किलोमीटर, लुड़ेंग-तपकरा-लावाकेरा सड़क खंड में 41 किलोमीटर और जशपुर-आस्टा-कुसमी सड़क खंड में 28 किलोमीटर लंबाई के मजबूतीकरण का कार्य भी इनमें शामिल हैं। बिलासपुर जिले के सिरगिट्टी-सरवानी-पसीद-अमलडिहा-बरतोरी-दगोरी सड़क खंड के 32.8 किलोमीटर तथा राजनांदगांव और खैरागढ़ जिले के राजनांदगांव-कवर्धा-पोंडी सड़क खंड के 30.4 किलोमीटर का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का कार्य भी इस राशि से किया जाएगा।

# पीएससी इंटरव्यू स्थगित, फिर से बनेगा पैनल, साक्षात्कार इसके बाद, लौटे अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित किया जाने वाला साक्षात्कार स्थगित कर दिया गया है। नए कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति किए जाने के बाद बोर्ड का पुनर्गठन करने का फैसला किया गया है। बोर्ड में नए सदस्यों की नियुक्ति होने के बाद ही साक्षात्कार सहित अन्य प्रक्रियाएं पूर्ण होंगी। सरकार ने रविवार को ही पूर्व आईएएस रीता शांडिल्य को नया कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया था। सोमवार को उन्होंने पदभार ग्रहण किया। इसके बाद यह आदेश जारी कर दिया गया है।

गौरतलब है कि राज्य सेवा परीक्षा-2023 के तहत विभिन्न विभागों के अंतर्गत 242 पदों पर भर्ती होनी है। मुख्य परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद साक्षात्कार की तिथि पीएससी द्वारा घोषित कर दी गई थी। इसके लिए निर्धारित दस्तावेज सत्यापन 14 अक्टूबर अर्थात सोमवार से होना था। कई अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन के लिए नया रायपुर स्थित कार्यालय भी पहुंचे, लेकिन उन्हें लौटना पड़ा। वहीं इसके लिए साक्षात्कार 15 अक्टूबर अर्थात आज से प्रारंभ होने थे। इसे भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। नई तिथि अभी घोषित नहीं की गई है।

### *रविवार को रीता शांडिल्य को नियुक्त किया गया था कार्यकारी अध्यक्ष*




### उठ रहे थे सवाल

पीएससी बोर्ड में शामिल व्यक्ति ही साक्षात्कार लेने वाली टीम का हिस्सा होते हैं। पीएससी की विवादित पिछली भर्तियों में भी ये सदस्य साक्षात्कार लेने वाली टीम का हिस्सा थे। इनमें से कई के कॉल डिटेल सहित अन्य तरह की जांच सीबीआई द्वारा कराए जाने की भी सूचना है। इसे लेकर सवाल उठ रहे थे। अब अंततः बोर्ड के पुनर्गणन का निर्णय लिया गया है।

### नई तिथियों की घोषणा शीघ्र ही

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक से मिली जानकारी के अनुसार संशोधित साक्षात्कार और दस्तावेज सत्यापन की नई तिथियों की घोषणा जल्द ही आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.psc.cg.gov.in पर जारी की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, पैनल गठन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कुछ पुराने नामों को इनमें से हटाया जा सकता है। कई नए सदस्यों को भी जोड़े जाने की तैयारी है। इस प्रक्रिया में पखवाड़े भर से अधिक का समय लग सकता है। माहांत में त्योहार के कारण शासकीय अवकाश रहेगा। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि साक्षात्कार अगले माह के बाद ही होंगे।

# एनआरआई कोटे का मामला पहुंचा राजभवन, कांग्रेस के बाद भाजपा ने भी उठाए सवाल, कार्यवाही की मांग

## कांग्रेस-भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने गवर्नर को भेजा पत्र, करोड़ों की धांधली की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूर के रिश्तेदारों के सर्टिफिकेट के आधार पर निजी मेडिकल कॉलेजों में एनआरआई कोटे से एडमिशन का मामला राजभवन तक पहुंच गया है। करोड़ों रुपए की धांधली की आशंका के साथ कांग्रेस के साथ भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने भी इस आवंटन पर सवाल खड़े किए हैं। मामले की गहराई से जांच और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन करने के साथ जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग भी की जा रही है।

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने गवर्नर रामेन डेका को पत्र भेजकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। वहीं भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजकर आशंका जताई है कि एनआरआई कोटे की सीट इस प्रमाणपत्र की आड़ में अपात्रों को एक से डेढ़ करोड़ में बेची जा रही है। दोनों पार्टियों के चिकित्सा प्रकोष्ठ ने मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पंजाब हाईकोर्ट के फैसले को सही करार देते हुए नाना, मामा, मौसी, बुआ जैसे रिश्तेदारों के विदेश में रहने के नाम पर सर्टिफिकेट तैयार कर एनआरआई सीट प्राप्त करने की प्रक्रिया को फर्जीवाड़ा माना गया था और इस पर तत्काल रोक लगाने की तल्ख टिप्पणी भी की थी।

*हरिभूमि की खबर का असर, एनआरआई कोटे पर महाधिवक्ता से मांगी राय, स्वास्थ्य मंत्री ने कहा- होगी आवश्यक कार्यवाही*



### चिकित्सा शिक्षा के जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा ने इस मामले की गहराई से जांच करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 से चल रहे इस मामले में करोड़ों का बंदरबाट हुआ है, जिसकी जांच कर वास्तविकता सामने लाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मामले में चिकित्सा शिक्षा विभाग के जो अधिकारी जिम्मेदार हैं, उनके खिलाफ भी कार्यवाही की जानी चाहिए।

### आदेश की अवमानना

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में 24 सितंबर को टिप्पणी की थी। इसके बाद 27 सितंबर से राज्य में काउंसिलिंग की प्रक्रिया वर्ष 2018 के नियमानुसार प्रारंभ की गई है, जो सर्वोच्च न्यायालय की अवमानना प्रतीत होती है। इसमें आदेश का पालन करते हुए अप्रवासी छात्रों का प्रवेश निरस्त किया जाए। एक निर्धारित तिथि तक कोटे के विद्यार्थी उपलब्ध नहीं होने पर इसमें नीट उत्तीर्ण छात्रों को प्रवेश देने का मौका दिया जाए।

# 55 नई एवं 4 पुरानी राशन दुकानों के लिए मंगाए आवेदन, जल्द होगा आवंटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में उचित मूल्य की 55 नई राशन दुकाने खुलेंगी। इसके लिए खाद्य विभाग ने 25 अक्टूबर तक आवेदन मंगाए हैं। इससे पूर्व राजधानी में 228 दुकाने संचालित हैं। नई दुकानों के खुलने के बाद राशन दुकानों की संख्या बढ़कर 287 हो जाएगी। नई दुकानों के अलावा 4 पुरानी दुकानों के लिए भी आवेदन मंगाए गए हैं। ये चारों दुकाने अभी तक अटैच में थी। इन दुकानों का अलग-अलग कारण से आबंटन निरस्त किया गया था। हितग्राहियों को खाद्यान्न मिलने में परेशानी न हो, इसका ख्याल करते हुए इन चारों दुकानों को दूसरी समितियों में अटैच किया गया था। अब इन अटैच दुकानों के लिए भी आवेदन मंगाए गए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार नगर निगम



रायपुर क्षेत्र में 55 नई राशन दुकान खोलने के लिए अनुमोदन प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी है। इसके साथ ही अब जल्द ही इन दुकानों को आबंटन के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाए जाएंगे। आवेदन देने के लिए निर्धारित अवधि तय की जाएगी। तय अवधि के दौरान आवेदनों के दस्तावेजों का परीक्षण के बाद दुकानें आबंटित की जाएंगी। नई दुकानें कौन-कौन से वार्ड में खुलेंगी, इसका भी निर्धारण कर लिया गया है। इसके तहत 29 वार्डों में ये दुकानें खोली जानी हैं।

### 32 वार्डों में खुलेंगी 55 नई दुकानें

शहर में 55 नई दुकानों को खोलने के लिए वार्ड तय कर लिए गए हैं। इसके तहत 55 नई दुकाने 32 वार्डों में खोली जाएंगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिन वार्डों में राशन दुकानों में पंजीकृत कार्ड धारकों की संख्या 500 से ज्यादा है। उसे ध्यान में रखते हुए वार्ड में नई दुकानें खोली जा रही हैं।

### 59 दुकानों के लिए मंगाए गए आवेदन

कलेक्टर की मंशा है कि हितग्राहियों को राशन लेने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखकर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में 55 नई सहित 59 राशन दुकानों के लिए 25 अक्टूबर तक आवेदन मंगाए गए हैं।

\- **भूपेंद्र मिश्रा,** जिला खाद्य नियंत्रक

## खबर संक्षेप



### देव, गुरु और धर्म के प्रति श्रद्धा है सम्यक दर्शन : मुनि विजय

**रायपुर।** संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में आत्मोल्लास चातुर्मास की प्रवचनमाला जारी है। सोमवार को महामंगलकारी शाश्वत ओलीजी की आराधना का छठवां दिन रहा। तपस्वी मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी ने सम्यक दर्शन प्राप्ति के बारे में धर्मसभा में बताया। मुनिश्री ने कहा कि सिद्धचक्र पूजन के अंदर सम्यक दर्शन की व्याख्या की गई है कि देव, गुरु और धर्म के प्रति श्रद्धा सम्यक दर्शन है। ऐसे ही अलग-अलग शास्त्रों में कहा गया है कि छह जीव निकाय के ऊपर श्रद्धा सम्यक दर्शन है। सम्यक दर्शन आने के बाद जीव के जीवन में परिवर्तन होता है। उन्होंने आगे कहा कि सम्यक दर्शन आने के बाद जीव की दृष्टि बदल जाती है। दृष्टि ऐसी होती है कि देव, गुरु व धर्म की कृपा से सब अच्छा है। देव, गुरु व धर्म की कृपा से धर्म की आराधना होती है व कर्म का क्षय होता है।

### सीता प्रदर्शनी में हिस्सा लेने प्रदेशभर से पहुंचे डिजाइनर

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के मोवा स्थित कूल होम्स के क्लब हाउस में सोमवार को एक दिवसीय सीता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए आयोजनकर्ता सीनी श्रीकुमार एवं ममता टावरी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी कविता राठी ने किया। प्रदर्शनी में हिस्सा लेने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से तकरीबन 35 डिजाइनर राजधानी पहुंचे थे, जहां रायपुरवासियों के लिए ज्वेलरी, कॉस्मेटिक्स, परफ्यूम्स, फुटवियर, साड़ी, सूट, लहंगा, हैंडमेड आइटम्स, होम डेकोर सहित स्वादिष्ट व्यंजन की बड़ी वैरायटीज उपलब्ध रही। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लघु उद्योग संचालित करने वाली महिलाओं को मंच देना था। कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू हुआ, जो रात 9 बजे संपन्न हुआ। प्रदर्शनी में समाजसेवी सविता गुप्ता उपस्थित रहीं।

### नशामुक्ति के लिए चलाया निजात अभियान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह (नापुसे) द्वारा जिले में अपनी पदस्थापना के बाद से समाज में लोगों को नशा से मुक्त करने के लिए निजात अभियान चलाया जा रहा है, जिसे पूरे रायपुर जिले में एसएसपी के मार्गदर्शन में सभी थाना प्रभारी द्वारा निजात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# साम्राज्य रेसीडेंसी प्रकरण में रेरा ने सुनाया फैसला, बिल्डर को जारी किए कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर के खमतराई स्थित साम्राज्य रेसीडेंसी रेजिडेंसियल को-ऑपरेटिव सोसाइटी के प्रकरण में रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) ने फैसला सुनाया है। सोसाइटी के रहवासियों ने रेरा में शिकायत की थी कि सोसाइटी का निर्माण कराने वाले बिल्डर ने फ्लैट्स लेने वालों से कई मूलभूत सुविधाएं देने का वादा किया था, लेकिन अब वह अपने वादे से पलट रहे हैं, जिससे रहवासियों को परेशानी हो रही है। इस प्रकरण में रेरा ने अब बिल्डर को अपने वादों को 45 दिनों के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

## रहवासियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है




### 45 दिनों के भीतर सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश

प्रकरण में रेरा प्राधिकरण ने पाया कि बिल्डर ने नियमों का उल्लंघन किया और कई महत्वपूर्ण सुविधाओं का सही ढंग से संचालन नहीं किया। प्राधिकरण ने बिल्डर के विरुद्ध निर्देश जारी किये हैं कि 45 दिनों के भीतर बिल्डर द्वारा सोसाइटी के उपयोग के लिए सौर ऊर्जा संयंत्र हस्तांतरित करने के साथ विद्युत ऑडिट कराकर ट्रांसफार्मर की क्षमता अपग्रेड करना होगा। निर्देश में यह भी कहा गया है कि झूला घर की व्यवस्था एवं छतों में आई दरारों की मरम्मत तथा क्लब हाउस को परियोजना के विधिवत आधिपत्य सोसाइटी को देना होगा।

### परियोजना के ब्रोशर में किए गए थे कई वादे

*सोसाइटी के रहवासियों ने बिल्डर आधारशिला डेवलपर्स के विरुद्ध की गई शिकायत में आरोप लगाया था कि परियोजना के ब्रोशर में क्लब हाउस, पर्याप्त पार्किंग सहित कई वादे किए गए थे। इन सुविधाओं की उम्मीद में ही लोगों ने सोसाइटी में फ्लैट खरीदे थे। प्रकरण में सोसाइटी का प्रतिनिधित्व कर रहे अक्यूटी लॉ चैंबर के अधिवक्ता सरवेश खटनानी और अधिवक्ता शिखर श्रीवास्तव ने रेरा के समक्ष यह दलील दी कि बिल्डर द्वारा आवश्यक सुविधाएं पूरी नहीं की गईं। उन्होंने कहा कि परियोजना की गुणवत्ता और सामान्य क्षेत्रों के उचित रखरखाव नहीं करने से रहवासियों को कई परेशानियों का* सामना करना पड़ रहा है।

## पर्यटन विभाग के प्रबंध संचालक ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



- राज्य में पर्यटन संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पूर्ण सहयोग करने का दिया आश्वासन

नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने सोमवार को मुलाकात कर राज्य की विभिन्न पर्यटन गतिविधि और योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान निःशुल्क श्री राम लला अयोध्या दर्शन योजना की विस्तार से जानकारी दी और बस्तर के शिल्पकारों द्वारा निर्मित वनवासी राम की बेल मेटल की प्रतिमा भेंट की। केंद्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत ने प्रबंध संचालक आचार्य को राज्य में पर्यटन संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। इसके बाद आचार्य ने पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव एमआर सिंदरेम से मुलाकात कर पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की योजना स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फ़ॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट - डेवेलपमेंट ऑफ आइकोनिक टूरिस्ट डेस्टिनेशन टू ग्लोबल स्केल के तहत रायपुर में फ़िल्मि सिटी, कन्वेंशन सेंटर, वेलनेस रिसॉर्ट, नेचर सिटी की नवीन योजनाओं के लगभग 300 करोड़ के प्रस्ताव सबमिट करते हुए छत्तीसगढ़ में पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से संचालित, स्वदेश दर्शन योजना एवं प्रशाद योजना की प्रगति की जानकारी भी दी।

# आयुष्मान से दूर दांतों का इलाज सरकारी में सुविधाएं ही नहीं

## निजी अस्पतालों में कट रही मरीजों की जेब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- अलग-अलग बीमारियों के इलाज का पैकेज तीन हजार से एक लाख तक

प्रदेश के लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के दावों के बीच दांतों की बीमारी से जूझने वाले मरीजों की जेब अभी भी निजी अस्पतालों में कट रही है। एकमात्र शासकीय डेंटल कालेज और कुछ हेल्थ सेंटरों में इसकी सुविधाएं सीमित हैं, जिसकी वजह से मरीजों को प्राइवेट डेंटिस्ट के पास जाना पड़ता है। निजी अस्पतालों में दांतों की बीमारियों के इलाज का पैकेज तीन हजार से लेकर एक लाख रुपए तक है।

करीब पांच साल पहले निजी डेंटिस्टों द्वारा दांतों की बीमारी के नाम पर अनावश्यक इलाज करने की बड़ी शिकायतों के बाद इसके उपचार की सुविधा को आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के पैकेज से बाहर कर दिया गया था। इसके बाद सरकारी सेक्टरों में दांतों की बीमारी के उपचार के लिए आवश्यक सुविधाएं जुटाने की योजना थी, जो अब तक पूरी



तरह से सफल नहीं हो पाई है। राज्य के एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में पुरानी मशीनों के भरोसे आने वाले मरीजों की जांच की जा रही है। यहां आधुनिक सुविधाओं वाली विभिन्न तरह की जांच मशीन खरीदने का प्रस्ताव है, मगर खरीदी की प्रक्रिया शासकीय व्यवस्था के तहत अटकी पड़ी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल स्तर पर डेंटिस्टों की नियुक्ति की गई है, मगर उन्हें संसाधन सीमित मात्रा में दिया गया है, जिसकी वजह से प्रारंभिक जांच अथवा दांत उखाड़ने की प्रक्रिया पूरी कर मरीजों को डेंटल कालेज अथवा निजी क्लीनिक जाने की सलाह दी जाती है। दांतों की बीमारी आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से बाहर है, इसलिए मरीजों को निजी अस्पतालों में जाकर इलाज के लिए ज्यादा राशि खर्च करनी पड़ती है।

### दंत चिकित्सालय की मशीनें आउटडेटेड

सूत्रों के अनुसार राज्य में एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय राजधानी में संचालित होता है। यहां पढ़ाई के साथ आने वाले मरीजों को उपचार की सुविधा भी दी जाती है। सूत्रों के अनुसार यह की ज्यादातर मशीन आउटडेटेड हो चुकी हैं, जिसकी वजह से अधिक जांच के बाद यह बंद हो जाती है और जरूरतमंद मरीजों को अगली तारीख देनी पड़ती है। यहां सीबीसीटी मशीन की खरीदी की प्रक्रिया अभी तक सीजीएमएससी पूरी नहीं कर पाई है। रोजाना ओपीडी में आने वाले चार सौ में से करीब डेढ़ सौ मरीजों को जांच के लिए अगली तारीख देनी पड़ती है।

### उपचार के लिए डेंटल चेयर उपलब्ध

सूत्रों के अनुसार राजधानी समेत प्रदेश के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में डेंटिस्ट की नियुक्ति की गई है। उन्हें उपचार के लिए डेंटल चेयर उपलब्ध कराया गया है, मगर अन्य संसाधन नहीं दिए गए हैं। जिले में आयुर्वेदिक अस्पताल, गुढ़ियारी, भाठागांव तथा धरसींवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डेंटिस्ट की नियुक्ति की गई है जो मरीजों की जांच और उपलब्ध संसाधनों से मरीजों का इलाज कर रहे हैं।

### निजी अस्पतालों में दांतों का महंगा इलाज

| बीमारी | औसतन खर्च |
|---|---|
| इंप्लाट | 20 से 25 हजार रुपए |
| मसूड़े की सर्जरी | 20 हजार रुपए |
| आरटीसी | 3 से 7 हजार रुपए |
| कैप कव्हर | 3 से 9 हजार रुपए |
| जबड़े का फ्रैक्चर | 50 हजार से 1 लाख |
| बत्तीसी लगाने का व्यय | 30 से 50 हजार |

## 'रोजगार दो, नशा नहीं' युवा कांग्रेस का आज दिल्ली में प्रदर्शन

**रायपुर।** युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा, रोजगार को लेकर दिल्ली में कांग्रेस बड़ा प्रदर्शन करने जा रही है। प्रदर्शन में देशभर से युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। दिल्ली के बाद पूरे प्रदेश में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। 16 अक्टूबर को होने वाले प्रदर्शन के दौरान नशे को खत्म करने और युवाओं को रोजगार देने की मांग की जाएगी। प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ से भी सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। युवा कांग्रेस के मुताबिक छत्तीसगढ़ से करीब 1200 कार्यकर्ता इस आंदोलन में शामिल होंगे। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने इस मौके पर एक पोस्टर भी जारी किया। प्रदर्शन में नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में पूरे देश भर से आए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं प्रदर्शन किया जाएगा। केंद्र की मोदी सरकार को नींद से जागने का प्रयास करेंगे।

- छत्तीसगढ़ से युवा कांग्रेस के 1200 से अधिक कार्यकर्ता होंगे शामिल

## कांग्रेस गरीब और मध्यवर्गीय परिवारों की लड़ाई लड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

साइंस कॉलेज यूथ हब में बुलडोजर चलाने को लेकर पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बयान में कहा कि रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल और पश्चिम विधायक राजेश मूणत सत्ता के नशे में अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। लगभग साल-डेढ़ साल से उस यूथ हब में स्टाल का संचालन हो रहा है, जबकि इसे लेकर पूर्व मंत्री मूणत द्वारा पूर्व में अफवाह फैलाई गई कि इसके खुलने से अपराध को बढ़ावा मिलेगा, नशे का कारोबार बढ़ेगा, चाकूबाजी और हत्या, बलात्कार जैसी घटनाएं होंगी, लेकिन यूथ हब के प्रारंभ से लेकर अब तक उस जगह पर किसी भी प्रकार का अपराध नहीं हुआ है। इसकी जानकारी संबंधित थाने में जाकर ली जा सकती है और वहीं वर्तमान में लोगों को वहां रोजगार मिल गया है तो बीजेपी को तकलीफ हो रही है। वर्तमान विधायक मूणतजी केवल अपनी हठधर्मिता के कारण उस यूथ हब को तुड़वाना चाहते हैं। जैसे इसी हठधर्मिता के कारण उन्होंने स्काईवॉक का निर्माण कराया और जिस स्काईवॉक को लेकर रायपुर की जनता के बीच में उनकी किरकिरी हुई, उसे फिर दोहराने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी गरीब और मध्यवर्गीय परिवारों की लड़ाई लड़ेगी। हम साइंस कॉलेज यूथ हब किसी भी कीमत पर टूटने नहीं देंगे। यूथ हब के दुकानदारों, छात्रों के लिए कांग्रेस के नेता सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगे और हर हाल में चाहे न्यायालय भी जाना पड़े तो भी जाएंगे, लेकिन मध्यवर्ग के हित एवं गरीब वर्गों के लोगों के लिए जो रोजगार का साधन बना है, उसको बचाकर रहेंगे। उपाध्याय ने कहा कि राजेश मूणत, बृजमोहन अग्रवाल और भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेताओं की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ कराया जाएगा।

## अधर्म की हार और धर्म की जीत का महापर्व दशहरा : ऋचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सोनडोंगरी सेवा संघ द्वारा ग्राम सोनडोंगरी में दशहरा उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे की नेत्री ऋचा जोगी शामिल हुईं और कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम ने अपने जीवन चरित्र में एक पुत्र के रूप में पुत्र धर्म और एक राजा के रूप में जो राजधर्म का पालन करते हुए त्याग और तपस्या का महान उदाहरण प्रस्तुत किया, वह हमारी सांस्कृतिक विरासत है। उन्होंने कहा, 14 वर्ष तक वनवास में रहते हुए भगवान राम ने देश के असंख्य लोगों के बीच सत्य, प्रेम, दया और मर्यादा का का संदेश पहुंचाया। रावण का दहन कर अहंकार और असत्य को पराजित किया।

उन्होंने कहा, दशहरे का दिन एक ऐतिहासिक और विशेष दिन है, यह दिन सिर्फ रावण दहन करने का नहीं, बल्कि अपने अंदर की बुराईयों को मारकर सत्य पर विजय



पाने का दिन है, अंधकार को हराकर उजाले की ओर जाने का दिन है, अधर्म की हार और धर्म की जीत का महापर्व है दशहरा। ऋचा जोगी राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी की पुत्रवधू और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी की धर्मपत्नी हैं। कार्यक्रम में पार्टी के संगठन मंत्री सौरभ झा, जिला अध्यक्ष संदीप यदु, अजीत जोगी युवा मोर्चा के अध्यक्ष गौरव सिंह, अमन वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## वेतन विसंगति व क्रमोन्नति की मांग 24 को जिला मुख्यालयों में धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर संविलियन प्राप्त शिक्षक लंबित मांगों को लेकर 24 अक्टूबर को प्रदर्शन करेंगे। प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसी कड़ी में सोमवार को सभी जिलों में मुख्यमंत्री, सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने क्रमोन्नति सहित अन्य मांगों को लेकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने मोर्चा खोल दिया है। प्रांत संचालक गण मनीष मिश्रा, विरेन्द्र दुबे, विकास राजपूत व संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश भर कमे शिक्षक आंदोलन करेंगे। शिक्षक मोर्चा के



प्रांत संचालक विरेन्द्र दुबे ने बताया मोदी की गारंटी में सरकार द्वारा लिए गए संकल्प में सहायक शिक्षकों सहित सभी वर्गों के वेतन में व्याप्त विसंगति को दूर करने की बात कही गई। संविलियन वर्ष से सेवा गणना करने पर पूर्व के कई वर्षों की सेवा अवधि को शून्य माना जा रही है, शिक्षकों के साथअन्याय है।

## गरीबों के खाते में पेंशन की रकम, तीन माह बाद राहत

**रायपुर।** नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डों में रहने वाले गरीब व जरूरतमंद 30 हजार पेंशनरों के लिए राहत भरी खबर है। समाज कल्याण विभाग ने बुजुर्ग, निराश्रित, दिव्यांग हितग्राहियों को होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए उनके 3 माह की लंबित पेंशन राशि के लिए फंड जारी कर दिया है। गांधी सदन स्थित निगम मुख्यालय की पेंशन शाखा के माध्यम से संबंधित हितग्राहियों के खाते में पेंशन की लंबित रकम डाली जा रही है। जुलाई से लंबित पेंशन राशि को लेकर हरिभूमि ने पेंशनरों की परेशानी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इसे संज्ञान में लेते हुए अब 30 हजार पेंशनरों को राहत देने लंबित पेंशन राशि का भुगतान होना शुरू हो गया है। नगर निगम द्वारा केंद्र व राज्य शासन की आधा दर्जन विभिन्न जनहितैषी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को प्रति माह 500 रुपये पेंशन की पात्रता है, जबकि 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को 650 रुपए प्रतिमाह पेंशन की राशि प्रदान की जाती है। नगर निगम सीमा क्षेत्र में 30 हजार पेंशनर हैं, जिन्हें पेंशन राशि का भुगतान प्रति माह वार्डों में लगने वाले शिविर में किया जाता है।




## पेज 9 के शेष

### राज्य स्थापना दिवस पर कार्यक्रम ...

प्रकाश भारद्वाज और एसडीएम बेमेतरा घनश्याम तंवर सहायक नोडल अधिकारी होंगे। कार्यक्रम बेसिक मैदान में आयोजित होगा। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला स्तर पर स्थानीय कलाकारों, स्कूली बच्चों द्वारा 5 नवम्बर को एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह एक नवम्बर से 6 नवम्बर तक जिला मुख्यालय के समस्त शासकीय भवनों में रोशनी की जाएगी। शासन की जनकल्याणकारी तथा हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित कार्यक्रमों में लोगों को लाभान्वित किया जाएगा।

**सर्पदंश के मामलों में लोगों को करें जागरूक :** कलेक्टर ने साजा में सर्पदंश से दो भाइयों की मृत्यु को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित सभी अधिकारियों को लोगों को जागरूक करने की बात कही। कि लोगों को जागरूक करें कि सर्पदंश के दौरान तुरंत संबंधित व्यक्ति को झाड़फूक, बैंगा या झोलाछाप डाक्टरों के चक्कर में ना पड़ें। ऐसे संबंधित पीड़ित व्यक्ति को तुरंत नज़दीकी अस्पताल या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर इलाज कराये। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक सहित स्वास्थ्य अमला मौजूद रहा।

### आधी रात चोरों का धावा...

खम्हरिया से कवर्धा मार्ग पर स्थित समीपस्थ ग्राम कुरदा में बिजली आफिस के सामने एक मकान से सोमवार रात रात करीब 12 बजे अज्ञात चोर गहने और नगद राशि उड़ा ले गए। प्रार्थी सुदर्शन राडेकर पिता छन्नू राडेकर के अनुसार वह 14 अक्टूबर को रात्रि करीब 10 बजे खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। वहीं, बाजू के कमरे में बहू बेटा सोए हुए थे, जबकि पूरे गहने व नगद राशि पूजा रूम की एक आलमारी व पेटी में रखे हुए थे, जहां कोई नहीं सोता। सुदर्शन के मुताबिक उसको कुछ आहट सुनाई देने पर उसने उठकर देखा। पूजा रूम का ताला टूटा हुआ था तथा उसमे रखे गहने व नगद राशि गायब थे। रात को ही इस मामले की सूचना थाना थान खम्हरिया को दी गई। थाना प्रभारी राजकुमार साहू ने रात में ही घटना स्थल का निरीक्षण कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। सुबह पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए डॉग स्क्वैड का सहारा लेकर चोरों की पतासाजी शुरू कर दी। वहीं, समीप के सीसीटीवी कैमरे से फूटेज भी खंगाले जा रहे हैं। चोरी की घटना को लेकर अभी संशय भी बना हुआ हुआ है। पीड़ित के बयान तथा आसानी से हुई चोरी की घटना को पुलिस संदिग्ध मानकर चल रही है। पुलिस का कहना है कि आगे सूक्ष्म जांच में ही मामले का खुलासा हो सकता है।

### आटोमोबाइल सेक्टर में नवरात्रि से आया बूम, 9 दिन में बिके 27 हजार वाहन

**रायपुर।** आटोमोबाइल सेक्टर में एक बार फिर से नवरात्रि से बूम आ गया है। बीते दो माह से वाहनों की बिक्री की रफ्तार मंद पड़ गई थी, पर नवरात्रि से वापस आटोमोबाइल सेक्टर में बिक्री की रफ्तार टॉप गियर में पहुंच गई है। 9 दिनों में रोज तीन हजार के हिसाब से 27 हजार वाहन बिके हैं। यह बीते साल से दस फीसदी ज्यादा है।

### प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने के लिए मंगाए आवेदन

रायपुर। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत नवीन जन औषधि केंद्र खोलने के लिए सेवा संस्थान, सहकारी समिति, सोसाइटी और पंजीकृत फार्मासिस्ट एवं अन्य से आवेदन पत्र मंगाए गए हैं। जन औषधि प्रपत्र भरकर स्थानीय कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### मोखा में हुआ हवन-पूजन

**गुरूर।** तहसील के ग्राम मोखा गुरुर में शीतला माता मंदिर क्वांर नवरात्रि में हवन-पूजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच ग्राम पंचायत पुष्पेंद्र कटेंद्र, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष राजेंद्र गंजीर, ग्रामीण पटेल रामचरण नेवेंद्र, रामस्वरूप सिन्हा, काशीराम कलिहारी, विमल कुमार सिन्हा, उदय राम ठाकुर, फागू राम नेवेंद्र, श्यामलाल गजेंद्र सहित समिति के सभी पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### सहायक आयुक्त चंदेल को बताई समस्या



**बालोद।** आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ बालोद के पदाधिकारियों ने नव पदस्थ सहायक आयुक्त संजय चंदेल आदिवासी विकास विभाग जिला बालोद से सौजन्य भेंट की। इस दौरान कर्मचारियों की वर्तमान समस्याओं के संबंध में मौखिक रूप से चर्चा की। इस पर कर्मचारियों के एरियर्स राशि के भुगतान एवं अन्य विषयों पर सहायक आयुक्त ने जल्द ही उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संदीप कुमार साहू, उपाध्यक्ष सोमकांत प्रजापति, सचिव वीरेंद्र कश्यप, कार्यकरिणी सदस्य ललित सिन्हा, छन्नू लाल, नंदकिशोर, चंद्र कुमार, सुमन लाल एवं संगठन के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### गुरुर में चला मतदाता जागरूकता अभियान




**गुरूर।** कार्यालय नगर पंचायत गुरुर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यालय नगर पंचायत गुरुर में मतदाता जागरूकता रैली, जागव वोटर जाबो, कार्यक्रम आयोजित कर प्रचार प्रसार किया गया। इस कार्यक्रम में स्कुली बच्चों के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास पटेल, उप अभियंता कामता प्रसाद नागेन्द्र, लेखापाल दिलीप कुमार कंसारी, समस्त अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### नशे में धुत युवक के सिर पर बोल्डर पटक कर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब पीकर गाली गलौज करने वाले युवक के सिर पर बोल्डर पटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि सिकोला भाठा मुखर्जी कालोनी दुर्ग निवासी योगेश सोना की हत्या की जानकारी रविवार की रात 2 बजे मोहन नगर पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को मिली। घटना सिकोलाभाठा दुर्ग में होना पता चला, पुलिस मौके पर रवाना हुई। इस दौरान पत्थर से सिर कुचलकर हत्या करना प्रतीत हुआ। शव को पुलिस ने पीएम के लिए मरचूरी भेजजकर परिजनों को सूचना दी गई।

# केंद्रीय नोडल अधिकारी पंकज ने बेमेतरा में जल संरक्षण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

केंद्रीय नोडल अधिकारी पंकज कुमार (आईआरएस) ने मंगलवार "जल शक्ति अभियानः कैच द रेन-2024" के तहत जिले में चल रहे भू-जल संवर्धन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए किए जा रहे उपायों का मूल्यांकन किया और इन कार्यों की जमीनी हकीकत से रूबरू हुए। निरीक्षण के दौरान श्री कुमार ने ग्राम बहेरा और बेतर में वृक्षारोपण के प्रयासों का अवलोकन किया। उन्होंने इस कार्य की सराहना करते हुए वृक्षों की सुरक्षा और उचित देखरेख पर जोर दिया। इसके बाद, उन्होंने ग्राम बनियाडीह में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। सरोवर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल संचयन की प्रभावशीलता और ग्रामीणों के योगदान की प्रशंसा की।

श्री कुमार ने ग्राम बनियाडीह की महिलाओं को बाड़ी में सब्जियों के साथ आलू और हल्दी जैसी फसलों की खेती करने की सलाह दी, जिससे स्थानीय स्तर पर आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल सके। साथ ही, उन्होंने ग्रामीणों को पौधों की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया, ताकि वृक्षारोपण के प्रयास सफल हों। इसके बाद, नोडल अधिकारी ग्राम समुन्दवारा पहुंचे, जहां उन्होंने चेक डेम का निरीक्षण किया। उन्होंने मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए बंभनी गांव में गली प्लग जैसे उपायों की आवश्यकता पर जोर दिया। इन परियोजनाओं के माध्यम से मिट्टी और जल संरक्षण के बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

### जल शक्ति अभियान : कैच द रेन 2024 अभियान

#### ग्रामीणों से की बातचीत

निरीक्षण के दौरान पंकज कुमार ने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत घरों में पानी की आपूर्ति की जानकारी भी ली। ग्राम बहेरा की निवासी रोहिणी साहू ने उन्हें बताया कि सुबह 6 बजे और शाम 4 बजे दो-दो घंटे पानी की आपूर्ति की जाती है। नोडल अधिकारी ने अन्य ग्रामीणों से भी पानी की उपलब्धता के बारे में पूछताछ की और फिर पिपरभट्ठा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने घर-घर जाकर जल आपूर्ति की स्थिति का निरीक्षण किया।



#### योजनाओं को और प्रभावी ढंग से लागू करें

इस दौरान श्री पंकज कुमार ने संबंधित जिला अधिकारियों और समुदायों के साथ चर्चा कर विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति और उनकी प्रभावशीलता का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को इन योजनाओं को और प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए, ताकि जल संरक्षण और भू-जल संवर्धन के लक्ष्य समय पर पूरे हो सके। इस निरीक्षण के अवसर पर केंद्रीय भू-जल बोर्ड, रायपुर के डॉ. रजनी कांत शर्मा, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता चन्द्र शेखर शिवहरे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता जे.पी. गोड़ समेत कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## राधाकृष्ण जमात मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन बाल लीलाओं का वर्णन

# निस्वार्थ भक्ति ही प्रभु की सर्वोत्तम भक्ति है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थानखम्हरिया

राधाकृष्ण जमात मंदिर में 11 से 18 अक्टूबर तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। पंचम दिवस कथा व्यास नारायण महाराज श्री ने प्रभु की बाल लीलाओं का वर्णन बड़े ही सुन्दर ढंग से किया। कथा प्रसंग को प्रारम्भ करते हुए उन्होंने कहा कि जिनको काम प्रिय है वे प्रभु की कथा को नहीं सुन सकते और जिनको श्याम प्रिय हैं वे अपना सारा काम छोड़कर प्रभु की कथा सुनने के लिए पहुँचते हैं। मानव जीवन का एक सच है और उस सच का नाम है मृत्यु। जब हमें पता है कि हमारी मृत्यु निश्चित है, हम खाली हाथ आये थे और खाली हाथ ही जायेंगे, तो क्यों न हम इस जीवन को धर्म के कार्यों में लगायें, ताकि मरने के बाद जब हम ऊपर जाएँ तो प्रभु हमें पहचान सकें।

पूज्य श्री नारायण महाराज ने कहा कि हमें भगवान की भक्ति बिना कोई दिखावा किए करनी चाहिए क्योंकि जब पूतना अपना रूप बदलकर कृष्ण भगवान को मारने आई तो प्रभु ने अपनी आँखें बंद कर ली थी। उसी प्रकार जब हम किसी भी प्रकार का दिखावा करके भगवान की वंदना करते हैं, तो भगवान हमारी वंदना को स्वीकार नहीं करते। अगर हम सच्ची श्रद्धा और बिना कोई दिखावा किए प्रभु की भक्ति करते हैं तो प्रभु हमें अपनी छत्रछाया में लेकर हमारे जीवन के साथ-साथ हमारी मृत्यु को भी संवार देते हैं। मनुष्य को आंतरिक बल भगवान के भजन तथा सत्य से मिलता है। सनातन धर्म के ग्रन्थ मनुष्य को जीवन जीना सिखाते हैं। रामायण हमें जीना सिखाती है और भागवत हमें मरना सिखाती है। इसलिए कहते है कि जीवन जीने के लिए मनुष्य को रामायण पढ़नी चाहिए और मरना कैसे चाहिए उसके लिए भागवत सुननी चाहिए। मनुष्य के जीवन में हमेशा एक व्यक्ति का भय जरूर होना चाहिए, क्योंकि उस व्यक्ति का भय हमें कुछ गलत काम करने से रोक लेगा। क्योंकि कहा जाता है कि जो निर्भय मन होता है वो सिंह से भी ज्यादा ख़तरनाक होता है।




#### पूर्व कृषिमंत्री चौबे हुए शामिल

पूर्व कृषिमंत्री व विधायक रविंद्र चौबे कथा स्थल में पहुँच कर कथा व्यास से आशीर्वाद प्राप्त किया और कथा का श्रवण किया। उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए चौबे ने कहा कि जन्मातरे भवेत पुण्यमं अर्थात जन्मांतर का पुण्य उदय होता है तब ऐसे भागवत का आयोजन होता है। शुरूआत से ही साजा क्षेत्र धार्मिक आयोजनों के लिए आगे रहा है। ऐसे आयोजन में सम्मिलित होना सौभाग्य है। साथ ही क्षेत्र एवं प्रदेश की सुख शांति के लिए भागवत भगवान से कामना की।

#### इंद्र के अहंकार का किया मर्दन

पंचम दिवस के कथा प्रसंग में बताया कि जब ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोड़कर गिरीराज जी की पूजा शुरू कर दी, तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मुसलाधार बारिश की। तब कृष्ण भगवान ने गिरीराज को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र के मान का मर्दन किया। अंत में कलयुग की प्रधानता बताते हुए महाराज जी ने कहा कि कलयुग में किया हुआ मानसिक पुण्य तो लगता है पर पाप नहीं लगता। आज के कथा प्रसंग में पूज्य महाराज जी ने प्रभु की नटखट बाल लीलाओं को बड़े ही सुन्दर ढंग सभी भक्तों को श्रवण कराया और आज ही सभी भक्तों ने भगवान की सुन्दर झांकी के दर्शन किए व गोवर्धन की मानसिक प्रक्रिमा भी लगाई। अंत में कथा के मुख्य यजमान हरिशरण सिंह क्षत्रीय ज्योति क्षत्रीय ने सह-परिवार गिरिराज भगवान की पूजा कर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।प्रतिदिन सैकड़ों श्रोता भागवत का आनन्द ले रहे हैं।

## सिद्ध बाबा योगीराज की तपोस्थली के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

सुदूर वन क्षेत्र में नदी के किनारे स्थित बाबा योगीराज की तपोभूमि केशला में आयोजित दशहरा मिलन समारोह में जिले के खाद्यमंत्री दयाल दास बघेल ग्रामीणों के बीच पहुँचे।

मंत्री बघेल ने राम लीला का मंचन कर रहे राम सीता और लक्ष्मण जी की आरती उतारी। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी, जनपद उपाध्यक्ष डॉ हवेन्द्र वैष्णव, घनश्याम धर दीवान,संतोष चौबे, राकेश तिवारी,दिनेश सोनी,मनोज साहू,केशव ध्रुव,संजय जोशी सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु महिला एवं बच्चों की उपस्थिति में पूरी राम लीला के मंचन हुआ। लीला मंडली के सदस्यों को मंत्री बघेल ने 25 हजार की स्वेच्छानुदान की राशि स्वीकृत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री बघेल ने कहा कि सिद्ध बाबा योगीराज की तपोस्थली के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। बाबा योगीराज के चमत्कार को सभी ने कभी न कभी हम सब ने अपने जीवनकाल में प्रत्यक्ष महसूस किया है। दुर्गा मंडली के सदस्यों ने मुख्य अतिथि मंत्री बघेल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। योगीराज समिति के उपाध्यक्ष डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा है कि सिद्ध बाबा योगीराज की महिमा से हम सभी अपने पूर्वजों के समय से ही परिचित हैं। बाबा के पास कृतज्ञ भाव से आने पर सभी मनोकामना पूर्ण करते हैं।

मंत्री बघेल की अपार आस्था बाबा योगीराज पर है और यही कारण भी है कि लगातार कई वर्षों से मंत्री दयाल दास बघेल अपना समय बाबा योगीराज की सेवा में देते हैं। तपोभूमि में इस अवसर पर मेले का आयोजन भी पूर्व वर्षों की चली आ रही परंपरा के अनुरूप हुआ। आयोजन मंडल प्रमुख बेमेतरा जनपद उपाध्यक्ष डॉ हवेन्द्र वैष्णव ने उपस्थित अतिथियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

## लावातरा के दाऊ दानीराम ने बच्चों और शिक्षकों को कराया नेवता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

बेरला विकासखंड के ग्राम लावातरा में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक, प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी दाऊ दानी राम साहू एवं उनके परिवार द्वारा नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल लावातरा के लगभग 350 विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को न्योता भोज कराया गया।

इस अवसर उनके द्वारा सर्वप्रथम विद्यालय परिसर में स्थित गणेश जी की प्राचीन प्रतिमा का पूजन किया गया। उसके पश्चात दानीराम साहू तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नीलकमल साहू द्वारा विद्यार्थियों को भोजन परोसा गया। इस अवसर पर उनके द्वारा बच्चों को खीर-पूड़ी, मिठाई, चांवल, दाल, सब्जी परोसा गया। तीनों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने न्योता भोज का भरपूर आनंद लिया। न्योजा भोज खाकर विद्यार्थी आनंदित नजर आए। हाई स्कूल लावातरा व्याख्याता भुवन लाल साहू के द्वारा न्योता भोज को पुण्य का काम बताते हुए बताते हुए न्योता भोज के आयोजनकर्ता दानी राम साहू एवं उनके परिवार को इस पुनीत कार्य



के लिए बधाई दिया गया तथा विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया गया। इस आयोजन में प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला पुष्कर कुमार परगनिहा का विशेष प्रयास तथा संकुल प्राचार्य रविशंकर देशलहरे, संकुल समन्वयक अब्राहम एक्का, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक ओंकार प्रसाद साहू, शिक्षकगण हेमचंद साहू, भुवन लाल साहू, अनुज राम साहू, शोभाश्विनी मेटिया, शहनाज खान, जमुना साहू, टीका राम साहू, वीणा देवी सारथी, दिनेश कुमार साहू, हुलसी साहू, लोमिका साहू, युवराज साहू का विशेष योगदान रहा।

## महिला समिति ने नवरात्रि पर किए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

शंकर नगर नवागढ़ के ललित विद्यालय मोहल्ले में माँ मंगला गौरी महिला सेवा समूह के तत्वावधान में सार्वजनिक दुर्गोत्सव का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें महिलाओं द्वारा 9 दिनों तक माता दुर्गा की सेवा अर्चना सामूहिक रूप में की गई। नवागढ़ नगर में किसी महिला समूह द्वारा दुर्गा स्थापना का यह प्रथम वर्ष था। मां दुर्गा की सेवा में मुख्य यजमान रीनू वर्मा एवं भीखम वर्मा थे। आचार्य शेखर प्रसाद शर्मा थे। पूरे 9 दिन पूजा-अर्चना के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। अंतिम दिवस कन्या भोजन तथा सामूहिक भंडारा का कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान थाली सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रथम स्थान रंजीता राजपूत, द्वितीय राशि मंडल एवं तृतीय बम्लेश्वरी निषाद ने प्राप्त किया। प्रतिभागियों को सोहन साहू एवं मनोज श्रीवास्तव ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। गया।

■ थाली सजाओ प्रतियोगिता में रंजीता को मिला पहला पुरस्कार



## प्रेक्षक प्रेमकुमार ने नगर पंचायतों के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी नगर पालिकाओं और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्य जारी है। इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल को प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

श्री पटेल ने ज़िले के नगर पंचायत देवकर, साजा, और परपोड़ी के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया और यह सुनिश्चित किया कि सभी प्रक्रियाएं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार की जा रही हैं। उनके साथ सीईओ जनपद,नायब तहसीलदार, तहसीलदार मौजूद थे।। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए ताकि पुनरीक्षण प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि न हो और समय पर निर्वाचक सूची का समुचित अद्यतन हो सके। उनके दौरे का मुख्य उद्देश्य था कि प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम सूची में दर्ज हो और सभी मतदान केंद्रों की तैयारियां समय पर पूरी हों।निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया का सफल निष्पादन आगामी निर्वाचन की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगा।



#### कर्मचारियों के प्रशिक्षण की ली जानकारी

इस दौरान उन्होंने प्रारंभिक प्रकाशन के लिए तैयारियों,आधार पत्रक तैयार करने, एसईसी-ईआर सॉफ्टवेयर में एंट्री, प्राधिकृत कर्मचारियों की नियुक्ति व प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। श्री पटेल ने कहा कि अहर्ता तिथि 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष या अधिक होने वाले मतदाताओ के नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाए , दावा आपत्ति का निराकरण समय सीमा में करें। अहर्ता तिथि के संबंध में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाये। नवीन मतदान केंद हेतु प्रस्तावित भवनों में आधारभूत सुविधाएं हो।श्री पटेल द्वारा स्थानीय निर्वाचन जिला बेमेतरा द्वारा आवश्यक तैयारियों की सराहना भी की गयी।

मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दुर्ग आएंगी 26 को

**भिलाई।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 25 और 26 अक्टूबर को अपने दो दिवसीय संभावित दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रही है। वे 26 अक्टूबर को भिलाई में रहेंगी। इस दौरान आईआईटी भिलाई के कैम्पस में पहली बार दीक्षांत समारोह में वे शामिल होंगी।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
मोटापे का ईलाज



पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

# फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार जिले के 09 नगर पंचायतों के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर 2024 को किया जाकर प्रपत्र क, क-1, ख एवं प्रपत्र ग में दावा आपत्ति लेने का कार्य प्रारंभ किया जायेगा। प्रपत्र क, ख एवं ग में दावें / आपत्तियां प्राधिकृत कर्मचारी को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर 2024 दोपहर 3 बजे तक तथा प्रपत्र क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम 04 नवम्बर 2024 तक निर्धारित है।

विधानसभा निर्वाचन की मतदाता सूची (अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024) के आधार पर नगर पंचायत बेरला, कुसमी, भिंभौरी, दाढ़ी, नवागढ़, साजा, थानखम्हरिया, देवकर एवं परपोड़ी की वार्डवार मतदाता सूची तैयार की गई है। जिसका प्रारंभिक प्रकाशन कार्यालय, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं नगर पंचायत में किया जायेगा। दावा आपत्ति लेने के लिए प्राधिकृत कर्मचारी नियुक्त किये गये है, जो नगर पंचायत कार्यालय, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में कार्यालयीन समय पर निर्वाचक नामावली एवं प्रपत्रों के साथ दावा आपत्ति लेने हेतु उपस्थित रहेंगे। दावा आपत्ति लेने का कार्य अवकाश दिवस शनिवार, रविवार को भी किया जायेगा। नगरीय निकाय के मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए वही मतदाता निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेज एवं फोटो के साथ आवेदन कर सकते हैं, जिनका नाम विधानसभा की मतदाता सूची में दर्ज हो तथा 01 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिया हो। इसके अतिरिक्त संशोधन अथवा विलोपन के लिए निर्धारित प्रपत्र दस्तावेज के साथ भरे जा सकते हैं।

■ सूची के संबंध में 23 अक्टूबर तक प्रस्तुत कर सकते हैं दावा-आपत्ति

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं संबंधित तहसीलदार को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली तैयार करने के इस कार्य में मतदाताओं से सहयोग की अपील की।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 19,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
27 अप्रैल से 10 मई 2025, 02 मई से 15 मई 2025
8 मई से 21 मई 2025, 13 मई से 16 मई 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें - 7354411411
राशिः-स्लीपर-19,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411